

# अखंड भारत समाचार



पेज़ 05 मूल्य 4 रुपए गुरुवार,21 मई 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:02

## EBOLA वायरस को लेकर भारत पूरी तरह अलर्ट... देशभर में रखी जा रही निगरानी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन चीन दौरे पर पहुंचे हैं। बुधवार को हुई चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात के दौरान पुतिन ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि रूस अमेरिका के साथ काम करने को तैयार है। इसको लेकर जिनपिंग से चर्चा भी की गई है। पुतिन इबोला वायरस से बचाव के लिए भारत ने तैयारियां शुरू कर दी हैं. हालांकि भारत में अब तक इबोला वायरस का एक भी मामला सामने नहीं आया है. केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई.

बैठक के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी स्तरों पर तैयारियां सुनिश्चित करने की सलाह दी गई. केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने कोऑर्डिनेटेड निगरानी, समय पर रिपोर्टिंग और स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी के महत्व पर जोर दिया. सभी संबंधित मंत्रालयों और विभागों को भी इस बारे में जागरूक किया गया है. मंत्रालय ने बताया कि भारत को इस तरह की स्थितियों को प्रभावी ढंग से संभालने का पहले से अनुभव है. अफ्रीका में 2014 के इबोला प्रकोप के दौरान भी इसी तरह के एहतियाती उपाय लागू किए गए थे. भारत सरकार पूरी तरह सतर्क है. नागरिकों को सलाह दी जाती है कि घबराने की कोई बात नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य अधिकारियों की ओर से जारी आधिकारिक सलाह और अपडेट का पालन करना जारी रखें.



## राष्ट्र सेवा रत्न अवार्ड से सम्मानित हुए जसवंत सिंह चौहान

अहमदाबाद, गुजरात।
देश निर्माण, सामाजिक उत्थान और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले Antra Group के CEO एवं Founder श्री जसवंत सिंह चौहान को प्रतिष्ठित “Rashtra Seva Ratna Award” से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान Oasis World Records द्वारा उन्हें “Most Prominent Nation Builder” की उपाधि के साथ प्रदान किया गया।
यह सम्मान उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, सामाजिक सेवा, राष्ट्रहित में निरंतर प्रयासों तथा जनकल्याण के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए दिया गया। संस्था द्वारा जारी प्रमाणपत्र में उल्लेख किया गया है कि श्री चौहान ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने, युवाओं को प्रेरित करने तथा सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
Antra Group के नेतृत्व में उन्होंने रियल एस्टेट, सामाजिक विकास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनके कार्यों ने न केवल गुजरात बल्कि देशभर में नई प्रेरणा प्रदान की है।
Oasis World Records की CEO एवं President डॉ. सुषमा ने इस अवसर पर कहा कि श्री जसवंत सिंह चौहान का समर्पण और नेतृत्व समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और उनका योगदान राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है।
यह सम्मान उनके निरंतर प्रयासों और समाज के प्रति सेवा भावना का प्रतीक माना जा रहा है।




विज्ञापन दें













विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
8708565733

## खतरे में शांति वार्ता! तेहरान नहीं करेगा यूरेनियम संवर्धन पर समझौता, US की महत्वपूर्ण मांग को खामनेई ने किया खारिज




पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष और तनाव को खत्म करने को लेकर जारी बातचीत के बीच गुरुवार (21 मई, 2026) को एक नया घटनाक्रम सामने आया है. दरअसल, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह मुज्तबा खामेनेई ने ईरानी इनरीच्ड यूरेनियम को लेकर बड़ा आदेश देते हुए कहा कि देश में मौजूदा समृद्ध यूरेनियम का भंडार ईरान में ही रहना चाहिए. रॉयटर्स ने दो वरिष्ठ ईरानी सूत्रों के हवाले से जानकारी साझा की है. उन्होंने कहा है कि इस कदम से अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने और शांति बहाल करने की कोशिशें और ज्यादा जटिल हो सकती है.

रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह मुज्तबा खामेनेई ने ईरान के साथ अमेरिका-इजरायल युद्ध को खत्म करने के उद्देश्य से चल रही शांति वार्ता के दौरान वाशिंगटन की प्रमुख मांगों में से एक पर तेहरान का रुख स्पष्ट कर दिया है. वहीं, इजरायल के अधिकारियों ने रॉयटर्स से कहा, 'अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल को आश्वासन दिया था कि किसी भी शांति समझौते में ईरान के ज्यादातर इनरीच्ड यूरेनियम भंडार को देश से हटाना शामिल होगा.

## Jahangir Khan Falta By Election: फाल्टा चुनाव में जहांगीर खान के नाम पर अब भी पड़ रहे वोट, चुनाव जीते तो क्या बनेंगे विधायक?



चुनाव की तारीख बिल्कुल नजदीक हो और कोई मजबूत उम्मीदवार अचानक मैदान से पैर खींच ले, तो हैरान होना लाजिमी है. पश्चिम बंगाल के फाल्टा विधानसभा उपचुनाव में ठीक ऐसा ही हुआ है, जहां तृणमूल कांग्रेस (TMC) के प्रत्याशी जहांगीर खान ने मतदान से महज दो दिन पहले चुनाव लड़ने से मना कर दिया. आज यानि गुरुवार को पश्चिम बंगाल के फाल्टा सीट पर फिर से चुनाव हो रहा है. इस चौंकाने वाले फैसले ने हर किसी को सोच में डाल दिया है कि अब इस सीट के समीकरणों का क्या होगा. सबसे बड़ा कानूनी सवाल यह खड़ा हो गया है कि अगर जनता ने ईवीएम पर उनके नाम का बटन दबाकर उन्हें जिता दिया, तो क्या वे विधायक चुने जाएंगे? चलिए जानें.

सोशल मीडिया पर अपने 'पुष्पा झुकेगा नहीं' वाले डायलॉग से सुर्खियां बटोरने वाले जहांगीर खान ने मंगलवार को अचानक चुनावी रेस से हटने का ऐलान कर दिया. फाल्टा विधानसभा सीट पर आज यानि 21 मई को वोट डाले जा रहे हैं. हालांकि, इस तरह बीच चुनाव में जनता के सामने पीछे हटने की घोषणा करने के बावजूद कानूनन उनकी उम्मीदवारी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है. चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक, जहांगीर खान केवल प्रचार से दूर हुए हैं, चुनावी मैदान से नहीं.

# Exclusive: थलपति विजय सरकार का कांग्रेस को बड़ा संदेश, कैबिनेट में जगह के साथ राज्यसभा सीट भी देगी TVK



तमिलनाडु की राजनीति में अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने कांग्रेस के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत करने की तैयारी कर ली है। जून में होने वाले राज्यसभा चुनाव में टीवीके कांग्रेस को एक सीट देगी। इसके साथ ही प्रस्तावित कैबिनेट विस्तार में कांग्रेस को दो मंत्री पद देने का भी ऑफर किया गया है। सूत्रों का कहना है कि टीवीके नेतृत्व ने सहयोगी दलों के साथ बातचीत में यह संकेत दिया है कि पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना चाहती है। थलपति विजय ने जब से तमिलनाडु में सत्ता संभाली है एक्शन मोड में दिख रहे हैं। लगातार पार्टी और सरकार से जुड़े अहम फैसले ले रहे। इसी कड़ी में उन्होंने कांग्रेस को खास संदेश दिया है। कैबिनेट विस्तार में कांग्रेस को मंत्रीमंडल में जगह दी गई है। वहीं राज्यसभा की एक सीट भी उन्हें देने की तैयारी है।

## IPL Playoff Scenarios: 1 स्पॉट के लिए 5 टीमों में टक्कर, KKR की जीत के बाद समझिए प्लेऑफ का पूरा समीकरण



IPL 2026 के 65वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को 4 विकेट से हराया. बुधवार को हुए इस मुकाबले में जीत के बाद KKR अंक तालिका में छठे स्थान पर आ गई और प्लेऑफ की जंग और भी ज्यादा रोमांचक हो गई है. अब लीग स्टेज के 5 मैच बाकी हैं, पंजाब किंग्स, चेन्नई सुपर किंग्स समेत 5 टीमों की क्वालीफाई करने की उम्मीदें जिंदा हैं और जगह सिर्फ 1 है. ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था. सौरभ दुबे और कैमरून ग्रीन की घातक गेंदबाजी से मुंबई इंडियंस की शुरुआत खराब हुई थी. सूर्यकुमार यादव के रूप में टीम को पॉवरप्ले में ही चौथा झटका लग चुका था. बारिश से प्रभावित इस मैच में MI ने 147 रन बनाए थे. लक्ष्य का पीछा करते हुए मनीष पांडे ने 45 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिसके लिए उन्हें POTM अवार्ड मिला. रोवमैन पॉवेल ने 30 गेंदों में 40 रन बनाए. KKR ने 7 गेंद शेष रहते 4 विकेट से मैच को जीत लिया.

## पाकिस्तानी मोहम्मद आमिर की आईपीएल में होगी की एंट्री? 'विदेशी वाइफ' के दम पर हासिल की इस देश की नागरिकता



नई दिल्ली: पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर अब आईपीएल में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। ब्रिटिश नागरिकता मिलने के बाद आमिर के लिए दुनिया की इस सबसे बड़ी टी20 लीग के दरवाजे खुल गए हैं। 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को हमेशा के लिए अलविदा कह चुके इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने पहले ही साफ कर दिया था कि वह अपनी पत्नी नर्जिस खान के जरिए ब्रिटिश पासपोर्ट हासिल करने की प्रक्रिया में हैं। अब यह प्रोसेस पूरा हो चुका है, जिसके बाद वह किसी भी विदेशी लीग में एक ब्रिटिश खिलाड़ी के तौर पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। हाल ही में आमिर ने सोशल मीडिया पर इस खबर से जुड़ी एक पोस्ट शेयर कर खुद इस बात पर मुहर लगाई है। मोहम्मद आमिर ने कुछ समय पहले पाकिस्तान के एक चैट शो में इस बात का इशारा दिया था कि ब्रिटिश पासपोर्ट मिलते ही वह आईपीएल के लिए क्वालिफाई कर जाएंगे। आईपीएल में खेलने की अपनी इच्छा को जाहिर करते हुए आमिर ने कहा था, 'अगले साल तक मेरे पास आईपीएल में खेलने का मौका होगा और अगर मुझे मौका मिला तो क्यों नहीं? मैं आईपीएल में जरूर खेलूंगा।'

## कोमोलिका की बिंदी से मिहिर की मौत तक, TRP क्वीन हैं एकता कपूर



इंडियन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की 'कंटेंट क्वीन' एकता कपूर जैसे-जैसे अपने जन्मदिन की तरफ बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे उन पॉप कल्चर मोमेंट्स को याद न करना नामुमकिन है जो उन्होंने सालों से टीवी की ऑडियंस को तोहफे में दिए हैं. ड्रामैटिक ट्विस्ट्स से लेकर कभी न भूले जाने वाले फैशन स्टेटमेंट्स तक, उनके शोज ने सिर्फ टीआरपी (TRP) पर ही राज नहीं किया, बल्कि वे पूरे देश में चर्चा का विषय बन गए. आइए डालते हैं नजर उन 5 आइकॉनिक मोमेंट्स पर, जिन्होंने छोटे पर्दे की दुनिया को हमेशा-हमेशा के लिए बदल दिया और एक नया इतिहास रच दिया. इसमें सबसे पहला नाम तो कोमोलिका की वो लेजेंड्री बिंदी का होना ही चाहिए. उर्वशी ढोलकिया द्वारा निभाए गए कोमोलिका के किरदार, उसकी ड्रामैटिक एंट्री, सिग्नेचर बैकग्राउंड ट्यून और उस बेहद स्टाइलिश बिंदी ने रातों-रात एक नया क्रेज शुरू कर दिया था. इसके बाद इंडियन टेलीविजन पर आने वाली हर विलेन (Vamp) में कहीं न कहीं कोमोलिका की ही झलक दिखाई दी


OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group)
– Global Strategic Partner of Antra Group
Antra
Antra Developers
ANTRA DEVELOPERS
India's Fastest Growing Real Estate Company
DEALING IN
DHOLERA SMART CITY PLOTTING
RESIDENTIAL | INDUSTRIAL | COMMERCIAL
India's One of the Largest Growing Companies
Future-Ready Investment | Trusted Name | Assured Growth
SMART INVESTMENT BETTER FUTURE
DHOLERA SMART CITY
PRIME LOCATION
HIGH APPRECIATION POTENTIAL
WORLD-CLASS INFRASTRUCTURE
STRATEGIC CONNECTIVITY
SECURE INVESTMENT
BEST RETURN ON INVESTMENT
BOOK YOUR PLOT NOW
LIMITED PLOTS AVAILABLE!
info@antradevelopers.com
Call / WhatsApp:
7878781509 | 8708565733
www.antradevelopers.com


OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) – Global Strategic Partner of Antra Group
Antra
Antra Developers
ANTRA DEVELOPERS
भारत की सबसे तेजी से बढ़ती रियल एस्टेट कंपनी
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
रेसिडेंशियल प्लॉट
इंडस्ट्रियल प्लॉट
कमर्शियल प्लॉट
भरोसा हमारा सम्पत्ति आपकी
भारत की एक तेजी से बढ़ती कंपनी
भविष्य के लिए तैयार निवेश
भरोसेमंद नाम बेहतरीन काम
आज ही अपना प्लॉट बुक करें
info@antradevelopers.com
Call / WhatsApp:
7878781509 | 8708565733
www.antradevelopers.com


OICCI
OASIS INTERNATIONAL CHAMBER OF COMMERCE AND INDUSTRY
OICCI (Oasis Group) – Global Strategic Partner of Antra Group
Antra
Antra Developers
ANTRA DEVELOPERS
भारत की सबसे तेजी से बढ़ती रियल एस्टेट कंपनी
हर कदम भरोसे का, हर दिशा विकास की
रेसिडेंशियल
जीवन को बेहतर बनाने वाले प्रोजेक्ट्स
इंडस्ट्रियल
व्यापार को नई ऊंचाइयों तक
कमर्शियल
आपके बिज़नेस के लिए सर्वोत्तम स्पेस
इन्फ्रास्ट्रक्चर
भविष्य के भारत की मजबूत नींव
क्यों चुनें ANTRA DEVELOPERS?
तेजी से बढ़ती कंपनी
विश्वसनीयता और पारदर्शिता
भविष्य-रेडी निवेश अवसर
मजबूत नेटवर्क और अनुभव
निवेश करें आज, सुरक्षित भविष्य बनाएं कल
अपना प्लॉट बुक करें अभी!
रेसिडेंशियल | इंडस्ट्रियल | कमर्शियल
भारत की सबसे तेजी से बढ़ती कंपनियों में से एक
फ्यूचर-रेडी निवेश | भरोसेमंद नाम
info@antradevelopers.com
कॉल / व्हाट्सएप: 7878781509 | 8708565733
www.antradevelopers.com



## पांच देशों की आधिकारिक यात्रा पूरी कर नई दिल्ली लौटे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी पांच देशों की आधिकारिक यात्रा के अंतिम चरण में इटली दौरा पूरा  कर नई दिल्ली लौट आए हैं। भारत और इटली ने कल अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी में उन्नत करने की घोषणा की।

दोनों देशों ने कृषि, अहम खनिजों, आयुर्वेद, विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी, समुद्री परिवहन और बंदरगाहों के क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने के लिए कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। भारतीय नर्सों के इटली आने-जाने को आसान बनाने के लिए भी एक समझौता किया गया, जिससे कुशल स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए नए अवसर खुलेंगे। भारत और इटली ने टैक्स से जुड़े अपराधों, मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के लिए पैसे जुटाने के खिलाफ तालमेल को मज़बूत करने पर भी सहमति व्यक्त की है।









OASIS न्यूज़

प्रकाशित न्यू दिल्
हिंदी दैनिक अखंड भारत समाचार
E-mail . oasisnewstv@gmail.com Website. www.oasisnews.in
Number. 8708565733

COMMERCIAL TARIFF CARD

DELHI-RAJASTHAN-LUCKNOW
EFFECT FROM 1ST JANUARY 2026

| PARTICULARS | Per Col. Sq.cm |
|---|---|
| REGULAR DISPLAY IN ELECTION | (Color) Rs.250/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN B & W | Rs.100/- |
| REGULAR DISPLAY ADVERTISEMENTS IN COLOR | Rs.200/- |
| TENDER NOTICE, COMPANY NOTICE, LEGAL &PUBLIC NOTICES | Rs.200/- |
| EAR PANEL (FRONT PAGE) | Rs.250/- |
| CLASSIFIED ADVERTISEMENTS | Rs.100/-per Line |
| CHANGE OF NAME, MATRIMONIAL, SITUATION | |
| FULL PAGE (B/W) | Rs.1.26,100/- |
| FULL PAGE (COLORS) | Rs.3,45,200/- |
| QUARTER PAGE SINGLE EDITION (COLOR) | Rs.1,50,000/- |
| SPECIAL POSITON | |
| FRONT PAGE | 100% Extra |
| COLUMNPER PAGE | 8 Columns |
| WIDTH OF COLUMN | 4 Cm |
| LENGTH OF COLUMN | 52 Cm |

WE HAVE COMPLETE ARRANGEMENT FOR TRANSLATION

OFFICE: Paschim Vihar, New Delh
110063
Ph.: 8708565733
E-mail: oasisnewstv@gmail.com
Website: www.oasisnews.in

